वर्ष 1 - अंक 40
बुधवार 8 जनवरी 2025 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## इंदौर:संभागायुक्त
### दीपक सिंह की अच्छी पहल



**रणजीत टाइम्स प्रतिनिधि**

विद्यार्थियों में शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों और निजी विद्यालयों के संगीत शिक्षकों की बुलायी बैठक। कहाँ हो रही हैं दिक्कतें और कैसे इन्हें दूर करें, इस संबंध में लिए सुझाव।




**रणजीत टाइम्स प्रतिनिधि**

Mic सदस्य जीतू यादव के समर्थक पहुंचे छोटी ग्वाल टोली अनु सूचित जन जाति थाने पार्षद कमलेश कालरा के विरुद्ध fir दर्ज






इंदौर में मेघदूत चौपाटी हटाए जाने के निर्णय के विरोध में चाट चौपाटी वालों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन मेघदूत गार्डन के गेट पर किया जा रहा है, जहां चाट-चौपाटी वाले अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि मेघदूत चौपाटी को हटाने के निर्णय को वापस लिया जाए।

## संस्था रामराज्य सामाजिक देशहित के लिए काम करने में अग्रसर

**रणजीत टाइम्स प्रतिनिधि**

संस्था रामराज्य पिछले दो सालों से सामाजिक देशहित के लिए काम करने में अग्रसर है संस्था के संस्थापक गौरव शर्मा जी संरक्षक शैलेश त्रिपाठी जी ने बताया कि हम लगभग दो वर्षों से समाज हित में देश हित में सामाजिक कार्यों में कार्य करते हुए आ रहे हैं ...



इंदौर। हमने अपनी संस्था का नाम रामराज इसलिए रखा की हमारी पूजनीय मार्गदर्शन श्री राम हमारे दिलों में बसते हैं हमारे धड़कन में बसते हैं और हिंदुस्तान सनातन धर्म हमारे आराध्य श्री राम जी को पूजने वाला देश है रामराज हमारा सपना है आज जो नवयुवक युवतियां जिस तरह से पश्चिमी संस्कृति को अपना रहे हैं यह हमारे लिए बहुत दुख पूर्ण है हम अपनी संस्कृति भूलते जा रहे हैं इसलिए हमारा संगठन आगे आ रहा है अपनी संस्कृति याद दिलाने के लिए रामराज्य के पदाधिकारी गौरव शर्मा जी ने बताया कि आज हमारा युवा समाज भटक गया है हम अपने संस्था राम राज्य के द्वारा अपने सभी युवा भाइयों को अपनी संस्कृति से जोड़ना चाहते हैं देश इसके लिए काम करना चाहते हैं।

# विधायक ने किया अस्थाई रैन बसेरा का उद्घाटन

## जनता ने की विधायक तथा परिषद के कार्य की सराहना

**रणजीत टाइम्स- जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर नगर परिषद द्वारा बस स्टैण्ड पर असाह एवं परेशान लोग जिनके लिये बाहर जाने के लिए साधन न मिलपाने तथा ठण्ड जैसे मौसम में परेशान लोगों को रात्री विश्राम के लिए नगर परिषद ने बस स्टैण्ड पर पुरानी निर्मित पुस्तकालय की मरम्मत कर लोगों को ठहरने के लिये अस्थाई रैन बसेरा बनाया गया जिसका उद्घाटन पिछोर विधायक प्रीतमसिंह लोधी के द्वारा फीता काटकर किया गया !इस मौके पर नगर परिषद की अध्यक्षा श्रीमती कविता पाठक,नगर परिषद सीएमओ आनन्द शर्मा,विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी,आशीष चौधरी, गौरब मिश्रा,मण्डल महामंत्री मुकेश पंसारी,देवेंद्र तिवारी,पार्षद तथा बरिष्ठ भाजपा



नेत्री पूनम सोनी,सहित समस्त पार्षदगण, तथा पत्रकार उपस्थित रहे। विधायक द्वारा कहा गया की जिन यात्रियों को यदि किसी कारण बस बाहर जाने के लिये साधन आदि नहीं मिलता है, जो ठण्ड से परेशान है ओर रुकने के लिये जगह नहीं है,ऐसे लोगों को रुकने के लिये नगर परिषद द्वारा 24 घण्टे अस्थाई रैन बसेरा में रात्रि विश्राम हेतु व्यवस्था की गई है।जिसमे व्यबस्था हेतु 24 घंटे दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जो यहाँ रहकर लोगों की रुकने की व्यबस्था करेंगें !बहीं सीएमओ आनंद शर्मा द्वारा बताया गया की यदि कोई व्यक्ति ऐसा आता है जो भूखा, प्यासा है ओर उसके पास पैसा भी नहीं है ऐसे व्यक्तियों की अपनी तरफ से व्यक्तिगत व्यबस्था करूंगा !नगर परिषद की इस जनहितेशी योजना की लोगों ने सराहना की।

---

# पिछोर एसडीएम व तहसीलदार के आश्वासन पर किसानों ने खत्म किया धरना प्रदर्शन



### एसडीएम बोले शीघ्र करूंगा सभी समस्याओं का निराकरण

**रणजीत टाइम्स- जगदीश पाल**

पिछोर अनुविभागिय कार्यालय राजस्व पिछोर के सामने राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर 23 दिसंबर से धरने पर बैठे किसानों ने मंगलवार दोपहर एसडीएम शिवदयाल धाकड़ तथा तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर के अंततः शिकायत निराकरण के आश्वासन पर अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया जानकारी के अनुसार समस्याओं के निराकरण हेतु सोमवार शाम एसडीएम धाकड़ किसानों के टेंट में पहुंचे और विस्तार पूर्वक समस्याग्रस्त किसानो की समस्याओं को सुना तथा नोट भी किया इसके बाद उन समस्याओं पर निराकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी वहीं मंगलवार किसानों को शीघ्र निराकरण का आश्वासन देने के बाद किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया एसडीएम ने बताया कि जिन गांवों के किसानों को राजस्व के अलावा जिन-जिन विभागों से समस्याएं हैं वही उसी ग्राम में शिविर अलग-अलग तिथियां में आयोजित किए जाएंगे शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचेंगे बगैर किसी औपचारिकता के समस्याओं के निराकरण पर ही काम किया जाएगा यथासंभव समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा वही जिन मामलों के निपटारें में वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाना होगा तो उन मामलों को संबंधित विभाग या वरिष्ठ अधिकारियों को निराकरण हेतु तत्काल भेजा जाएगा जिससे उनकी भी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके! धरने पर बैठे जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी ने तमाम किसानों से परामर्श कर बताया कि शीघ्र ही सभी पंचायत में जहां गौशाला बनी हुई है उनके विधिवत संचालन की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाए,ताकि गोवंश की रक्षा और किसानो की खेती की रक्षा हो सके! इसके अलावा राजस्व के प्रकरणों का समाधान लगभग दो महीने के अंदर प्रशासन पूरा करें मनीराम ने कहा हमने प्रशासन को अपनी समस्याएं बता दी हैं वहीं प्रशासन को भी निराकरण हेतु समय दिये जाना उचित है!

---



## परिचय सम्मेलन

वशिष्ठ मालवीय रजक समाज का परिचय सम्मेलन लक्ष्मण दास वाटिका पंचकू या रोड पर संपन्न हुआ इंदौर वशिष्ठ मालवीय रजक समाज का परिचय सम्मेलन पंचकुइया रोड स्थित लक्ष्मण दास वाटिका पर संपन्न हुआ जिसमें समाज के नए अध्यक्ष गब्बर मनीष खटवा जी को इस विशाल सम्मेलन के आयोजन हेतु इंदौर रेडीमेड प्रेस में संगठन मुकेश सोलंकी श्याम खत्री नवीन सिसोदिया अशोक परमार ने समाज के इस आयोजन में मनीष गब्बर खटवा जी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी उनके साथ समाज की अध्यक्ष राधा पटेल वह रेडीमेड वस्त्र प्रेश मैं संगठन जितेंद्र परमार बिट्टू भैया उपस्थित थे।

---

# "कालेज चलों अभियान" के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय खनियांधाना में नवप्रवेशी छात्रों को दी गई प्रवेश संबंधित जानकारी



**रणजीत टाइम्स- जगदीश पाल**

दिनांक ७ जनवरी २०२५ को शासकीय महाविद्यालय खनियांधाना द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खनियांधाना में "कालेज चलों अभियान" के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों को प्रवेश संबंधित व शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के के यादव सर के मार्गदर्शन में किया गया। कालेज चलों अभियान के प्रभारी डॉ लवलेश कुमार साहू ने छात्रों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन योजनाओं में मेधावी योजना, गांव की बेटी योजना, आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और स्टेशनरी योजना शामिल हैं। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खनियांधाना के प्रिंसिपल अनिल यादव और महाविद्यालय से रामचन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

# छापे के 14 दिन बाद भी सौरभ शर्मा को खोज नहीं पाई पुलिस

## विधिक सलाह ले रही लोकायुक्त पुलिस

**भोपाल।** लोकायुक्त छापे के 14 दिन बाद भी पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा बयान दर्ज कराने के लिए नहीं पहुंचा है। स्वजन मुताबिक वह दुबई में है। उसके विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर भी जारी है, फिर भी उसके नहीं आने की स्थिति में आगे की कार्रवाई के संबंध में अब लोकायुक्त पुलिस विधिक सलाह ले रही है। इसमें उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने से लेकर न्यायालयीन आदेश से संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की तैयारी है। अभी तक सिर्फ सौरभ की मां उमा शर्मा ने बयान दर्ज कराए हैं। छापे के दौरान सौरभ के स्वजन ने पुलिस को बताया था कि वह कार्रवाई के दो दिन पहले ही पत्नी दिव्या के साथ दुबई गया है। सूत्रों का कहना है कि उसका 21 दिसंबर को वापसी का टिकट था। इसके पहले ही 18 दिसंबर को सौरभ के आवास और कार्यालय में पुलिस ने छापा डाला था। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा सौरभ, उसके करीबी चेतन गौर, शरद जायसवाल, पत्नी दिव्या शर्मा और मां उमा शर्मा से पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया था। आयकर विभाग की मांग पर एक सप्ताह पहले उसके विरुद्ध पिछले लुकआउट सर्कुलर भी जारी है।



### पुलिस नहीं पता कर पाई सौरभ कहा है

इससे एयरपोर्ट या बंदरगाह पर पहुंचते ही उसे पकड़ा जा सकेगा। लोकायुक्त पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि संभवतः सौरभ भारत आ गया है। इसके बाद भी पुलिस पुख्ता तौर पर यह पता नहीं कर पाई है कि वह कहां है। सौरभ के करीबी शरद जायसवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर अतिरिक्त समय मांगा है। चेतन गौर ने भी आयकर व ईडी में बयान दर्ज करा दिए हैं, पर लोकायुक्त पुलिस से दूरी बना रखी है।

### सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र हुआ वायरल

परिवहन विभाग के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के मामले में अब तक कई बड़े खुलासे हो चुके हैं। काली कमाई से करोड़ों की संपत्ति बनाने वाला यह शख्स भले ही जांच एजेंसियों की गिरफ्त से दूर हैं, लेकिन एक तरफ मध्यप्रदेश में इसके नाम पर जमकर सियासत हो रही है तो दूसरी तरफ हर दिन कुछ न कुछ नई जानकारी भी सामने आ रही है। अब सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि सौरभ शर्मा की नियुक्ति अस्थाई तौर पर दो साल के लिए हुई थी। वहीं उसका नियुक्ति पत्र वायरल होने के बाद कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र वायरल हुआ है, यह आदेश 29 अक्टूबर 2016 को जारी किया था, जहां परिवहन विभाग में सौरभ की दो साल की की परिवीक्षा अवधि के लिए अस्थाई नियुक्ति मिली थी, सौरभ की नियुक्ति का यह आदेश तत्कालीन परिवहन आयुक्त शैलेंद्र श्रीवास्तव ने जारी किया था। यह लेटर ग्वालियर से मिला है, बता दें कि सौरभ शर्मा मूल रूप से ग्वालियर का ही रहने वाला है, जहां उसके घर पर भी ईडी ने रेड मारी थी।

### कांग्रेस बोली-जांच की जा रही प्रभावित

वहीं सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र वायरल होने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सवाल उठाए, उन्होंने कहा कि अलग-अलग जांच एजेंसी इस मामले में लगी है, जिससे जांच प्रभावित हो रही है। इसलिए किसी एक ही जांच एजेंसी को इस पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। वहीं सौरभ शर्मा की जो लाल डायरी मिली है, उसका सच भी सबके सामने आना चाहिए। इसलिए इस पूरे मामले की जांच ईडी को निष्पक्ष तरीके से करनी चाहिए। क्योंकि यह बड़ा मुद्दा है।

### ईडी ने 48 घंटे में 3 बार बदले आंकड़े

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उनके सहयोगियों के यहां ईडी के छापे में आखिर कितनी नकदी मिली, इसे लेकर संशय उत्पन्न हो गया है। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी कि सौरभ शर्मा और उनके सहयोगी चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल और रोहित तिवारी के 8 ठिकानों पर छापेमारी की गई। इसमें चेतन सिंह के नाम पर 6 करोड़ की एफडी, सौरभ शर्मा के परिजनों के नाम पर बैंक खातों में 4 करोड़ रुपए और 23 करोड़ रुपए की संपत्ति से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। हालांकि, मंगलवार को ईडी ने जानकारी दी कि छापेमारी में 6 करोड़ की एफडी, 4 करोड़ रुपए बैंक खातों में, 50 लाख की अचल संपत्ति और 23 करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई है। फिर एक जनवरी को यह पोस्ट सोशल मीडिया से हटा दी गई। इसके बाद बुधवार को ईडी ने एक बार फिर से 23 करोड़ रुपए की संपत्ति का उल्लेख किया। ऐसे में ईडी 48 घंटे में तीसरी बार अपने आंकड़े बदले हैं। इससे पहले, 31 दिसंबर को ईडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सौरभ शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी थी। पोस्ट में कहा गया था, ईडी भोपाल ने सौरभ शर्मा और उनके सहयोगियों के खिलाफ 27 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जिलों में पीएमएलए, 2002 के तहत तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन सिंह गौर के नाम पर 6 करोड़ रुपये की सावधि जमा, सौरभ शर्मा के परिवार के नाम पर 4 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस और 50 लाख रुपये की अचल संपत्ति/संपत्ति से जुड़ी जानकारी प्राप्त हुई। इसके अलावा ईडी ने बताया था कि इस दौरान 23 करोड़ रुपए कैश भी मिले हैं। 31 दिसंबर को ईडी ने 23 करोड़ की नकदी बरामद होना बताया था। फिर एक जनवरी को यह पोस्ट सोशल मीडिया से हटा दी गई। इसके बाद बुधवार को ईडी ने एक बार फिर से 23 करोड़ रुपए की संपत्ति का उल्लेख किया। इससे पहले 30 दिसंबर को एऊने ट्वीट कर सौरभ शर्मा के खिलाफ छापेमारी का खुलासा किया था। एऊने बताया था कि भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जिलों में सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन सिंह के नाम पर 6 करोड़ रुपए की एफडी, 4 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस और 23 करोड़ रुपए से अधिक की अचल संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए गए।

### तीन-तीन जांच एजेंसियां कर रही तलाश

लोकायुक्त ने सबसे पहले सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित घर पर छापा मारा था, जहां से उसे भारी मात्रा में अवैध संपत्ति मिली थी। इसके बाद उसके ग्वालियर और जबलपुर स्थित ठिकानों पर भी कार्रवाई हुई। इस बीच जानकारी आई कि सौरभ शर्मा अपनी पत्नी के साथ दुबई में मौजूद है। वहीं भोपाल में एक कार भी मिली थी, जो उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर के नाम पर थी, इस कार में 52 करोड़ रुपए की संपत्ति मिली थी। हालांकि सौरभ शर्मा के मामले में अब तक कई खुलासे हो चुके हैं, लेकिन अब तक वह गिरफ्त से दूर है। सौरभ शर्मा की तलाश आईटी-ईडी-लोकायुक्त तीन-तीन जांच एजेंसियां लगी हुई हैं। फिलहाल सौरभ शर्मा के मामले में लगातार कार्रवाई जारी है।

## अब एक क्लिक पर मिल जाएगा नया बिजली कनेक्शन



**भोपाल।** 2025 में नागरिकों को नई सुविधा मिलने जा रही है। इसके बाद से उपभोक्ताओं को बिजली का बिजल जमा करने के लिए बिजली कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जल्द ही महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। बिल जमा करने की प्रक्रिया को अत्यधिक आसान बनाने की दिशा में कंपनी यह कार्य करने वाली है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह यानि इसी महीने से एमपी ऑनलाइन पर भी बिल जमा करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर कोई नागरिक नए कनेक्शन के लिए आवेदन करता है तो उसी के माध्यम से आवेदन मिल जाएगा। आपको बता दें कि बिजली कंपनी द्वारा भोपाल सहित अपने कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर चुकी है। इसी के चलते यह नई सुविधा भी शुरू की जा रही है।

गौरतलब है कि मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आनलाइन बिजली बिल जमा करने की सुविधा शुरू करने के लिए एमपी ऑनलाइन से अनुबंध किया है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल, निदेशक वाणिज्य सुधीर कुमार श्रीवास्तव और एमपी ऑनलाइन के चीफ ऑपरेटिंग अधिकारी प्रशांत राठी मौजूद थे।

बताया जा रहा है कि कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को सौगात देगी। इससे प्रदेश के आम लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से फायदा होगा। उनका समय भी बचेगा साथ ही भाग दौड़ भी नहीं करनी पड़ेगी।

## नए साल के पहले दिन 2 लाख लोग उज्जैन, 1 लाख ओंकारेश्वर पहुंचे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नागरिकों ने अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत धार्मिक स्थलों में जाकर किया हैं। उज्जैन महाकालेश्वर, ओरछा, मैहर, बगलामुखी, ओंकारेश्वर, खजराना-चिंतामन गणेश, भोजपुर जैसे कई मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल ज्योतिर्लिंग में तो करीब 2 लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचे। 1 जनवरी के तड़के 3 बजे से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में नये वर्ष का आगाज किया। वे मंगलवार को ही हिल स्टेशन पहुंच गए थे। इसे दौरान उन्होंने धूपगढ़ में भी समय बिताया, इसे लेकर उनका वीडियो भी सामने आया है। खंडवा के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में भी करीब 1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। दतिया के पीतांबरा पीठ में माता के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ के



दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भोपाल के नजदीक स्थित रायसेन जिले के भोजपुर मंदिर में में करीब 50 हजार श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। निवाड़ी जिले के ओरछा में रामराजा के दर्शन के लिए करीब एक लाख लोग पहुंचे। मैहर जिले के मां शारदा के दरबार में नए साल के पहले दिन देवी दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। राजधानी भोपाल की बात करें तो यहां पर वन विहार नेशनल पार्क, अरेरा हिल्स पहाड़ी स्थित शौर्य स्मारक, सैर सपाटा, म्यूजियम, बोट क्लब, और लेक व्यू में लोग परिवार समेत पहुंचे।

## तिब्बत में भूकंप ने मचाई भारी तबाही तेज भूकंप से अब तक 42 लोगों की मौत, 82 करीब घायल नेपाल में भूकंप के चलते अब तक 13 लोगों की मौत... 50 से ज्यादा घायल





# आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप के सदस्य ने किया ब्लड डोनेट

**रणजीत टाइम्स ऋषि गोस्वामी**

आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप के तीन नवीन सदस्य ने किया ब्लड डोनेट।साहिल खान ,हर्ष जैन ,एवं प्रिंस पठान तीनो आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप से आज ही जुड़े है ,तीनो रक्तवीरो ने रक्तदान करने के बाद कहा अब से हर तीन महीने में ऐसे रक्तदान करते रहेंगे हमेशा उपलब्ध रहेंगे आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप तीनो रक्तवीरो का स्वागत करता है एवं बहुत बहुत धन्यवाद करता है आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप के तीन नवीन सदस्य ने किया आज ब्लड डोनेट।साहिल खान ,हर्ष जैन ,एवं प्रिंस पठान तीनो आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप से आज ही जुड़े है ,तीनो रक्तवीरो ने







रक्तदान करने के बाद कहा अब से हर तीन महीने में ऐसे रक्तदान करते रहेंगे हमेशा उपलब्ध रहेंगे आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप तीनो रक्तवीरो का स्वागत करता है एवं बहुत बहुत धन्यवाद करता है शरीर में रक्त की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. रक्त की कमी से कई प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं. इतना ही नहीं सर्जरी या दुर्घटना के दौरान भी अधिक रक्त बहने से रोगी का जीवन संकट में आ जाता है. कई बार रक्त के अभाव में रोगी की मौत हो जाती है. हालांकि, अस्पतालों में ब्लड बैंक होते हैं जो समय पर रोगी को रक्त देकर उसकी जान बचाने में सहायक होते हैं, लेकिन इन ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता रक्तदाताओं पर निर्भर होती है. कई बार ब्लड बैंक में भी रक्त की कमी हो जाती है. इस कारण समय पर रोगी को खून नहीं मिल पाता है. रक्त के अभाव में रोगी की जान पर बन आती है. ऐसे समय में रक्तदाता ही रोगी के लिए फरिश्ता होते हैं. देश और दुनिया में ऐसे कई रक्तदाता हैं जो नियमों के अनुसार रक्तदान करते रहते है और अपना जीवन अच्छे से जी रहे हैं. ईटीवी भारत ऐसे ही रक्तदाताओं के अनुभव को साझा कर रहा है ताकि इनके जीवन और अनुभव से लोग प्रेरित और जागरूक हो सकें.

---

# सागौर निवासी संतोष रघुवंशी पहली व्यक्ति है जिन्होंने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष पीथमपुर में कचरा जलाने का विरोध किया है



आपत्ति कर्ता
श्रीमती संतोष रघुवंशी



अधिवक्ता

**आदित्य शर्मा 8224951278**

**रणजीत टाइम्स**

**यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी दशकों पूर्व घटी थी किंतु आज भी मध्य प्रदेश उसके दुष्प्रभाव से उभरा नहीं है। वहा का जो कचरा है उसे नष्ट करने की कवायद सरकार और न्यायालय द्वारा की जा रही है। कचरे का निष्पादन उसे इंसीनरेट (अत्याधुनिक तरीके से जला कर) करके किया जाना तय हुआ जिसके लिए पीथमपुर को कचरे के निष्पादन हेतु चुना गया और यहां इंसीनरेशन फैसिलिटी को तैयार किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश इतने सालों में किसी जनप्रतिनिधि या संगठन ने इसका विरोध माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष नहीं किया।**

हालांकि जब कचरे को नष्ट करने के लिए केंद्र द्वारा पैसा मध्य प्रदेश सरकार को ट्रांसफर किया गया तब पीथमपुर क्षेत्र की निवासी एवं प्रतिनिधि संतोष रघुवंशी ने मामले को गंभीरता से लिया और अपने परिचित अधिवक्ता विशाल सोनी से विस्तार से मामले को समझा। संपूर्ण लंबित याचिका को पढ़ने समझने के बाद पता लगा कि देश के अन्य राज्यों से आकर अलग अलग संगठनों ने उनके यहां कचरा जलाने का विरोध किया किंतु पीथमपुर क्षेत्र से कभी कोई याचिका या इंटरवेंशन उच्च न्यायालय के समक्ष लगाकर कभी किसी के द्वारा यहां कचरा जलाने का विरोध किया ही नहीं गया था। अंततः अधिवक्ता विशाल सोनी के सुझाव पर संतोष रघुवंशी द्वारा क्षेत्र के सैकड़ों जनमानस द्वारा हस्ताक्षर किए अधिकार पत्र के आधार पर माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता विशाल सोनी के माध्यम से पीथमपुर की ओर से विरोध स्वरूप पहली याचिका एवं इंटरवेंशन एप्लीकेशन लगाई और पीथमपुर में कचरा जलाने का विरोध दर्ज किया।

# भूल माफिया को मिट्टी में मिलने की फर्जीवाड़ा

उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिला फर्जीवाड़ा कूट रचित दस्तावेज लगाकर मान्यता पर्याप्त किया और फर्जी बड़े तरीके से बच्चों के भविष्य के साथ अनारकली बालिका उचतर माध्यमिक विद्यालय बच्चों के भविष्य के साथ कर रहा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जी बात करते हैं कि भूल माफिया को मिट्टी में मिलने की फर्जीवाड़ा स्कूलों के ऊपर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की बात करते हैं लेकिन आपको बताते चलेकी ग्राम सभा खैरटिय शंकर पटकौली उत्तर प्रदेश जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश में में यह विद्यालय या विगत स्काई वर्षों से संचालित किया जा रहा है जिसका संज्ञान धनंजय पांडे को अज्ञात हुआ तो जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर को फर्जी वाले दस्तावेज की जांच कर कर मान्यता निरस्त करने की प्रार्थना पत्र दिया जिसको संज्ञान में लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिनांक 3/12/2024 दिसंबर को विद्यालय प्रबंधक हरि केशव पांडे को संपूर्ण सच को लेकर उपस्थित होने को निर्देश दिया लेकिन प्रबंधक हरिकेश्वर पांडे 9 दिसंबर 2024 को पत्र को रिसीव करने बाद लगभग एक मां बाद भी विद्यालय उपलब्ध नहीं कर सके मान्यता निरस्त करन योग्य है////हैस्कूल बनाकर बच्चों के भविष्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ अनारकली बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,आपको खूब देखने को मिलेगा जहां पर एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बात करते हो कि भू माफियाओं की मिट्टी में मिलने की और फर्जी वाला स्कूलों के ऊपर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की लेकिन आपको बताते चलें की कुशीनगर ग्राम खैरटिया थाना चौराहा खास आपको बताते चले कि कई वर्षों से फर्जीवाड़ा स्कूल चल रहा था जिसका संज्ञान धनंजय पांडे को ज्ञात हुआ तो कुशीनगर तहसील कसय लिखित में प्रार्थना पत्र दिया गया तत्काल भाव से जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर साहब ने जांच कर मान्यता निरस्त करने का आदेश दिया था,स्कूल की प्रबंधक हरकेश्वर पांडेएवं उच्च अधिकारियों की मिली भगत से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई वहीं पीड़ित धनंजय पांडे का कहना है की कई वर्षों से फर्जीवाड़ा स्कूल बनाकरबच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को दी तो उन्होंने तत्काल भाव से आदेश तो कर दिया लेकिन लगभग एक महीने बीतने वाले हैं अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई हैवहीं पर धनंजय पांडे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है और बच्चों के साथ में हो रहा खिलवाड़ अच्छा स्कूल अच्छी व्यवस्थाएंहो ताकि बच्चों के साथ में इस तरीके का कोई फर्जीवाड़ा बनाकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें

